




### एक नजर में



### रोजगार मेले में 304 युवाओं का हुआ चयन

**सीहोर.** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया. रोजगार मेले में 346 युवाओं ने पंजीयन कराया और 14 कंपनियों द्वारा 304 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया. जिला व्यापार उद्योग केंद्र द्वारा उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत स्वरोजगार के लिए हितग्राहियों को 4 लाख 50 हजार रुपए ऋण वितरित किया गया. कार्यक्रम में जिला व्यापार उद्योग केंद्र महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, एलडीएम जयदीप भट्टाचार्य, रोजगार अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव, प्रबंधक मनीष अलावा उपस्थित थे.



### बरसात से पहले नाले नालियों की सफाई

**सीहोर.** नपा कर्मचारियों द्वारा वर्षा ऋतु से पहले नगर के नालों एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है. नपा सीएमओ सुधीर कुमार सिंह ने बताया नगर की सभी चौक एवं ओवरफ्लो नालियों की सफाई की जा रही है, ताकि बारिश में लोगों को परेशानी न हो. इसके साथ ही टाउनहाल, इंग्लिशपुरा, दूल्हा बादशाह, दीवान बाग और कस्बे से होकर निकलने वाले नाले का सफाई कार्य भी प्रारंभ किया जा रहा है, ताकि वर्षा के दौरान जल भराव की स्थिति न बने.



### शिविर में 717 बच्चों का किया टीकाकरण

**सीहोर.** स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं स्थानों पर शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है. ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 514 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 203 बच्चों का टीकाकरण किया गया. 143 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया.

### जिले में मत्स्याखेट पर लगाया प्रतिबंध

**सीहोर.** कलेक्टर द्वारा मछलियों के प्राकृतिक प्रजनन को बढ़ावा देने और जलीय पारिस्थितिकी के संरक्षण के लिए 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है. इस अवधि में समस्त नदियों और उनसे जुड़े जलाशयों में मत्स्याखेट पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा. यदि कोई भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन कर अवैध रूप से मत्स्याखेट या परिवहन करते हुए पाया जाता है, तो 5000 हजार का जुर्माना या छह महीने की सजा या दोनों से दंडित किया जा सकता है.

### ड्रॉपआउट रोकने नोडल अधिकारियों की बैठक

**सीहोर.** डाइट संस्थान में पॉलिटेक्निक, आईटीआई और डिग्री कॉलेजों के नोडल अधिकारियों की कॉलेजों में प्रवेश संबंधी बैठक आयोजित की गई. बैठक में कॉलेजों में प्रवेश की स्थिति, प्रचार प्रसार, ड्रॉप आउट की स्थिति और ड्रॉप आउट बच्चों को वापस कॉलेज में लाने जारी प्रयासों की समीक्षा की गई. बैठक में डाइट प्राचार्य श्रीमती अनिता बड़गुजर सहित नोडल अधिकारी उपस्थित थे.

# जिला अस्पताल में आधी रात को हंगामा

## सड़क हादसे में घायल बच्चे को रेफर किए जाने से नाराज परिजनों ने की गार्डों के साथ झूमाझटकी

- परिजनों ने लगाया इलाज में लापरवाही करने का आरोप
- पुलिस की समझाईश के बाद दोनों पक्षों में रजामंदी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 जून. जिला अस्पताल के पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट (पीआईसीयू) विंग में सोमवार देर रात मरीज के परिजनों और अस्पताल स्टाफ के बीच विवाद हो गया. दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की तथा मारपीट की नौबत आ गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह स्थिति पर काबू किया.**

जानकारी के अनुसार सोमवार को ग्राम सेमली के समीप एक सड़क हादसे में बोंदर बरखेड़ा के रहने वाले हरिनारायण उनकी पत्नी भूरी बाई और मासूम बालक विराट गंभीर घायल हो गए थे.



सीहोर. जिला अस्पताल के पीआईसीयु में देर रात तक परिजन हंगामा करते रहे.

विराट को जिला अस्पताल के आईसीयू में वेंटीलेटर पर रखा गया था. रात लगभग नौ बजे जब उसकी तबियत और बिगड़ने लगी तो डॉ. गौरव ताम्रकार ने विराट को भोपाल रेफर कर दिया ताकि वहां न्यूरोसर्जन को दिखाया जा सके. जैसे ही बच्चे को रेफर किए जाने की बात परिजनों को पता चली तो वह बिफर गए और पीआईसीयू में मौजूद डॉक्टर पर सही तरीके से उपचार न करने का आरोप लगाते हुए विवाद करने लगे. इस दौरान कुछ लोगों ने पीआईसीयू में भी घुसने का प्रयास किया. हालात बिगड़ते देख चिकित्सकों ने चौकी में मौजूद पुलिसकर्मियों को बुलाया. उन्होंने व अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों ने जब परिजनों की भीड़ को समझाने का प्रयास किया तो सुरक्षाकर्मियों से भी उनका विवाद हो गया. विवाद इतना बढ़ गया कि उनके बीच झूमाझटकी शुरू हो गई. सूचना मिलने पर कोतवाली से भी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था. बाद में परिजन बच्चे को एंबुलेंस से भोपाल ले जाने को राजी हुए. परिजनों की मनोस्थिति को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन द्वारा उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई तो परिजनों ने भी शिकायत दर्ज कराने से इंकार कर दिया था. हालांकि इस घटना से देर रात तक जिला अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल बना रहा था.

**बच्चे को रेफर करना जरूरी था**

सड़क हादसे में बच्चे के सिर में गंभीर चोट आई थी, इसलिए उसे न्यूरोसर्जन को दिखाने के लिए रेफर करना जरूरी था. परिजन विवाद कर रहे थे, लेकिन बाद में वह बच्चे को ले जाने को राजी हो गए. वेंटीलेटर सुविधा वाली एंबुलेंस से बच्चे को भोपाल भेजा गया है.

**डॉ. यूके श्रीवास्तव,**
सिविल सर्जन

## कार की टक्कर से युवक की मौत, एक गंभीर

नवभारत न्यूज

**इछावर 9 जून.** बीती देर रात सीहोर-इछावर मार्ग पर घटित सड़क हादसे में एक युवक ने दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा जिंदगी और मौत के बीच अस्पताल में संघर्ष कर रहा है. हादसों की बढ़ती संख्या के बावजूद सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जाने से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, खोखरी स्थित अनब्रेको कंपनी में कार्यरत दो युवक सोमवार रात अपनी ड्यूटी समाप्त कर दुपहिया वाहन से अपने गांव बावड़िया नोआबाद लौट रहे थे. रात करीब 12 बजे पालीवाल नर्सरी के पास दो पुलिया क्षेत्र में सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ईको चार पहिया वाहन जो इछावर की बताई जा रही है ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों की मदद से दोनों को तत्काल सिविल अस्पताल इछावर पहुंचाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की नाजूक हालत को देखते



हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया. जिला अस्पताल में उपचार के दौरान धर्मेंद्र वर्मा ने दम तोड़ दिया. वहीं दूसरे घायल दिनेश वर्मा की हालत अत्यंत गंभीर होने के कारण उसे भोपाल रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है.

सीहोर-इछावर स्टेट हाईवे पर लगातार हो रहे हादसों ने इस मार्ग को मौत का कॉरिडोर बना दिया है. इस मार्ग पर आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं में मासूम लोगों की जान जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक सुरक्षा के कोई ठोस और प्रभावी पुख्ता इंतजाम नहीं कर पाया है. आखिर कब तक यह हाईवे लोगों की जिंदगी निगलता रहेगा? यह सवाल अब क्षेत्र की जनता खुलकर पूछ रही है.

## बिजली कंपनी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 जून.** मंगलवार को जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने डिप्टी कलेक्टर रवींद्र परमार को कलेक्टर के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बिजली कंपनी द्वारा मनमाने तरीके से पूरे जिले में की जा रही घोषित-अघोषित बिजली कटौती का विरोध किया.

पंकज शर्मा ने बताया कि जिले में बिजली कंपनी द्वारा बहुत ज्यादा बिजली कटौती की जा रही है. ग्रामीण क्षेत्रों में तो बारह घंटे से अधिक लाइट काटी जा रही है और शहरी क्षेत्रों में भी जलप्रदाय के समय बिजली कटौती की जा रही है. इस भीषण गर्मी में जनता इस कटौती से बहुत परेशान हो रही



है, भीषण जलसंकट के दौर में जनता की हालत खराब हो रही है, लेकिन बिजली कंपनी की मनमानी लगातार जारी है. उन्होंने मांग की है कि कलेक्टर बिजली कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दें कि वो अकारण की जा रही इस घोषित-अघोषित बिजली कटौती को बंद करने का निर्देश बिजली कंपनी के अधिकारियों को दें.

### प्रशिक्षण के लिए 12 तक जमा होंगे आवेदन

**सीहोर.** खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड कार्यालय द्वारा बेरोजगार युवक एवं युवतियों से विभिन्न व्यवसायों के निशुल्क प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. प्रशिक्षण के लिए पोर्टल पर 12 जून तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं. कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को कंप्यूटर एकाउंट विथ टैली, इलेक्ट्रिशियन घरेलू उपकरण, मोटर वायरिंग, सोलर पैनल इंस्टालेशन, अगरबत्ती निर्माण, बेसिक सिलाई गारमेंट्स, फैशन डिजाइनिंग, प्लम्बर, राजमिस्त्री, बेकरी, लेदर फुटवियर, लेदर गुड्स, दोना पत्तल का प्रशिक्षण दिया जाएगा.

# कुबेरेश्वर धाम के गेट बंद होने से व्यापारी आक्रोशित

- विठलेश सेवा समिति ने किए धाम के दो गेट बंद
- कारोबार पर असर पड़ने से नाराज व्यापारी धरने पर बैठे

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 जून.** कुबेरेश्वरधाम के गेट नंबर 1 और 2 बंद किए जाने के बाद स्थानीय व्यापारियों में नाराजगी देखने को मिली. सोमवार को बड़ी संख्या में व्यापारी धाम परिसर के बाहर एकत्रित हुए और गेट पुन: खोलने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया.

व्यापारियों का कहना है कि मुख्य प्रवेश द्वार बंद होने से उनकी दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही लगभग बंद हो गई है, जिससे आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है. व्यापारियों ने बताया कि उन्होंने कुबेरेश्वरधाम में आने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए लाखों रुपये का निवेश कर दुकानें संचालित की हैं. गेट बंद होने के कारण उनके व्यापार पर असर पड़ा है. कई दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है. व्यापारियों ने प्रशासन के माध्यम से अपनी मांगों का ज्ञापन भी सौंपा. इस दौरान व्यापारी जमकर नारेबाजी भी करते रहे.

इस मामले में विठलेश सेवा समिति के समीर शुक्ला ने बताया कि आगामी कांवड़ यात्रा की तैयारियों के तहत धाम परिसर में




कॉरिडोर निर्माण एवं अन्य व्यवस्थाओं का कार्य चल रहा है. इसी कारण सुरक्षा और निर्माण कार्यों को ध्यान में रखते हुए फिलहाल गेट नंबर 1 और 2 बंद किए गए हैं. वहीं मंडी थाना प्रभारी सुनील मैहर ने बताया कि व्यापारियों ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा था। प्रशासन द्वारा उनकी बात सुनी गई, जिसके बाद व्यापारियों ने धरना-प्रदर्शन समाप्त कर दिया था.

# यूसीसी लागू होने से मिलेगा समानता को बल : शर्मा

- यूसीसी के अध्ययन व परीक्षण के लिए हुई समिति की बैठक
- प्रबुद्ध नागरिकों एवं शांति समिति सदस्यों ने दिए सुझाव

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 जून.** समान नागरिक संहिता के अध्ययन एवं परीक्षण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई.

बैठक की अध्यक्षता समिति के सदस्य प्रो. गोपाल शर्मा ने की. इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों, शांति समिति के सदस्यों, पत्रकारों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने यूसीसी पर सुझाव दिए. बैठक में समिति के सदस्य गोपाल शर्मा ने कहा कि समान नागरिक संहिता से समाज में सद्भाव एवं सौहार्द की स्थापना होगी. पारिवारिक और सामाजिक संबंधों में अनावश्यक तनाव की स्थिति नहीं बनेगी. यह एक गंभीर एवं महत्वपूर्ण विषय है, जिस पर प्रदेश सरकार नागरिकों की राय लेकर अध्ययन कर रही है. यूसीसी लागू होने से महिलाओं, बच्चों एवं सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित होगा तथा विवाह, विवाह विच्छेद, उत्तराधिकार एवं अन्य पारिवारिक विषयों में समानता स्थापित होगी.

उन्होंने कहा कि पुरुष और महिलाओं के अधिकारों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं रहेगा तथा




दत्तक पुत्र को भी जेनेटिक पुत्र के समान अधिकार प्राप्त होंगे. वर्तमान में विभिन्न धर्म एवं समुदायों के लिए अलग-अलग पारिवारिक कानून प्रचलित हैं. विवाह, विवाह विच्छेद, भरण-पोषण, उत्तराधिकार तथा लिव-इन संबंध जैसे विषय समान नागरिक संहिता की परिधि में आते हैं. प्रदेश सरकार यूसीसी के संबंध में नागरिकों केसुझाव प्राप्त करने के लिए पोर्टल संचालित कर रही है. नागरिकों से अपील की कि वे पोर्टल पर अपने सुझाव दर्ज करें.

### आरएसआई को 1-0 से डीएसवाय ने हराया

**सीहोर.** चर्च मैदान पर कैलाश सारंग के स्मृति में दूसरे वर्ष भी जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. मंगलवार को प्रतियोगिता के छठवें दिन दो मैच खेले गए जूनियर वर्ग में डीएसवायडब्लू विरुद्ध आरएसआई के मध्य खेला गया जिसमें यह मैच डीएसवायडब्लू विजय रही डीएसवायडब्लू की तरफ से अथर्व ने एक गोल किया. पहला मैच काफी रोमांचक रहा. आरएसआई के खिलाड़ियों ने अनेक बार गोल करने का प्रयास किया, लेकिन डीएसवायडब्लू की रक्षा पंक्ति के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सारे प्रयास असफल किए.

## एसपी ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 जून.** आमजन की समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए जनसुनवाई में एसपी सोनाक्षी सक्सेना ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना.

इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से 32 आवेदकगण अपनी शिकायतें लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे. प्राप्त शिकायतों में आपराधिक मामलों में कार्यवाही, पारिवारिक एवं जमीनी विवाद से जुड़ी शिकायतें शामिल थीं . एसपी सोनाक्षी सक्सेना ने सभी आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों को शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर



निराकरण करने के निर्देश दिए.

इसी तरह कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के तथा सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिलेभर से आए 103 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई.

### 196 तीर्थयात्री 13 को होंगे वैष्णोदेवी रवाना

सीहोर. मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 13 से 18 जून तक जिले के 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी. जिले के तीर्थ यात्रियों का बोर्डिंग स्टेशन सीहोर निर्धारित किया गया है. तीर्थ यात्रा के लिए 196 तीर्थ यात्रियों को चयनित किया गया है. कलेक्टर ने अधिकारियों को यात्रियों के टिकट की उपलब्धता सुनिश्चित करने, व्यवस्थित रूप से ट्रेन में बैठाने, रेलवे स्टेशन पर बैनर सहित टेबल स्थापित करने और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है.

# हड़ताली संविदा कर्मचारियों ने चाय बनाकर जताया विरोध




नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 जून.** संविदा नीति, वेतन विसंगति और नेशनल पेंशन स्कीम के विरोध में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल जारी है. अनिश्चितकालीन हड़ताल के आठवें दिन कर्मचारियों ने धरना स्थल पर चूल्हे पर चाय बनाकर विरोध प्रदर्शन किया.

- अपनी मांगों को लेकर कई दिन से हड़ताल पर हैं संविदाकर्मी
- गुरुवार को भोपाल में सीएम हाउस का करेंगे घेराव

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी हड़ताल पर हैं, ऐसे में जहां जिले के अनेक अस्पतालों की व्यवस्था चरमरा गई है. तो वहीं हर रोज विभिन्न जिलों में ये संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी मांगों को मनवाने के लिए अलग अलग तरह से प्रदर्शन कर रहे हैं.

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि उनकी अनिश्चितकालीन हड़ताल का यह आठवां दिन है. चाय बनाकर उन्होंने सरकार तक अपनी मांगों का संदेश पहुंचाने का प्रयास किया. कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांगों पर लंबे समय से ध्यान नहीं दिया जा रहा है. धरना स्थल पर बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने संविदा एकता जिंदाबाद के नारे लगाए. उनका आरोप है कि वे वर्षों से शोषणकारी संविदा नीति का सामना कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठा रही है. संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने कहा कि वे नियमितीकरण सहित अपनी अन्य मांगों को लेकर आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा. कर्मचारी नेता रोहित सिसोदिया ने बताया कि आंदोलन के अगले चरण में कर्मचारी प्रशासन को अपनी मांगों का विस्तृत ज्ञापन सौंपेंगे. इसके अलावा 11 जून को प्रदेशभर के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी भोपाल में एकत्रित होकर सीएम निवास के घेराव की तैयारी कर रहे हैं.

### टोल फ्री नंबर पर कॉल कर योग से जुड़ें

**सीहोर.** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हाबिल्ड हैल्थ टेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ योग से लोगों को जोड़ने और गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड बनाने के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया गया. टोल फ्री नंबर 18003157008 पर मिस्डकॉल देकर इससे जुड़ सकते हैं. जिला आयुष अधिकारी डॉ नरेंद्र लोधी ने बताया कि मिस्डकॉल के पश्चात वॉट्सऐप चैटबॉट पर लिंक आएगा. सभी प्रतिभागी 14 जून को प्रात: 6.15 से वॉट्सऐप चैटबॉट पर आई लिंक पर क्लिक कर लॉग इन करेंगे और ऑनलाइन योग सत्र से जुड़ेंगे. ऑनलाइन योग सत्र से जुड़ने वाले सभी प्रतिभागियों को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का योग सर्टिफिकेट भी मिलेगा.

## पीड़ित संपेरा परिवार ने प्रशासन से मांगी मदद

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 जून.** सपेरा परिवार ने हाथों का कटोरा बनाकर मंगलवार को जनसुनवाई में प्रशासन से मदद की भीख मांगी.

परिजनों का आरोप है कि राजनीतिक परिवार के लोगों ने सपेरा परिवार के खेत पर बनी झुग्गी में आग लगाकर बंदूक चलाकर फायरिंग कर दी. दबंगों पर पुलिस ने कोई कार्रवाही नहीं की. लेकिन पुलिस ने सपेरा परिवार की महिलाओं बच्चों और बुजुर्गों को थाने में बंद कर दिया. सपेरा अनुसूचित जाति परिवार का कहना था कि सरकार ने जीवन यापन के लिए ग्राम दौलतपुरा में कृषि भूमि दी है. इस भूमि को राजनीतिक और व्यापारी परिवार के लोगों ने फर्जी तरीके से अपने नाम कराकर रजिस्ट्री करा ली है. सपेरा परिवार की अनीता नाथ पुत्री मांगीलाल ने बताया कि दोराहा तहसील के ग्राम दौलतपुरा, थाना अहमदपुर में चार पीढ़ियों से परिवार के सदस्य उक्त भूमि पर कृषि कार्य कर रहे हैं. पुलिस भी हमारी मदद नहीं कर रही है. सपेरा परिवार ने आरोपियों पर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है.


## कार्यालय नगर परिषद इछावर जिला सीहोर ( म. प्र. )

क्रमांक /781/ न.प.ई. / 2026 इछावर दिनांक 04.06. 2026

**प्रथम निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से वेबसाइट www.mptenders:gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य अवधि | निविदा आमंत्रण एवं समाप्ति दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_513993_1 | वर्ष 2026-27 हेतु विद्युत सामग्री क्रय हेतु | 1500000/- | 30000/- | 2000/- | 365 दिन | 08.06.2026 से 08.07.2026 तक |

**शर्तें :-** निविदा संबंधी समस्त जानकारी एवं शर्तें वेबसाईट http://mptenders:gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में किसी भी प्रकार का केवल, वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा।

**देवेन्द्र वर्मा**
अध्यक्ष
नगर परिषद इछावर

**धरमराज यादव**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद इछावर



### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मो मुज़फ़्फ़र अंसारी पिता मो. लियाक़त है जो कि मेरे समस्त प्रमाण पत्र आधार कार्ड पैन कार्ड वोटर आई.डी. कार्ड में भी दर्ज है और मेरा पता 18 गली नं. 2 मोमिनपुरा छावनी थाना मंगलवारा हुज़ूर भोपाल मप्र 462001 समस्त डॉक्यूमेंट में मेरा नाम मो.मुज़फ़्फ़र अंसारी है किंतु मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम सिर्फ मोहम्मद मुज़फ़्फ़र है। अत: आज दिनांक से मुझे मो मुज़फ़्फ़र अंसारी पिता मो.लियाक़त नाम से ही जाना व पहचाना जावे।